दिनांक 7 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सेक्टर 2 क्षेत्र में लाखों की लागत से होंगे विकास कार्य , आठ स्थानों पर होने वाले कार्य के लिए महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने किया भूमि पूजन

भिलाई नगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने सेक्टर 2 वार्ड 49 के तीन स्थानों पर 8 कार्यों के लिए नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन कर कार्य की शुरुआत की! सेक्टर 2 सड़क 3 में रोड किनारे पेवर ब्लॉक, सड़क 5 में रोड किनारे पेवर ब्लॉक, परशुराम भवन से अय्यप्पा मंदिर तक नाली निर्माण कार्य, सेक्टर 2 एवेन्यू बी के किनारे पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य , हनुमान मंदिर के समीप सड़क में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, विवेकानंद स्कूल के समीप सड़क के किनारे पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य , सड़क 2 के किनारे पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य तथा सड़क 4 के किनारे पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य का भूमि पूजन महापौर एवं मोहल्ले के नागरिकों ने मिलकर किया! इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर श्री देवेंद्र यादव ने कहा कि बीएसपी की खोई हुई ग्लोरी को वापस लाने प्रयास किया जा रहा है! सिविक सेंटर में कई सारे विकास कार्य किए जाएंगे , जिसे देखने दूर-दूर से लोग पहुंचेंगे! बीएसपी के प्रमुख चौक चौराहों का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा! सेक्टर 5 में भगत सिंह जी की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जो कि सबसे ऊंची प्रतिमा होगी! सेक्टर क्षेत्र के प्रत्येक सेक्टर में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है!!

जनसंपर्क अधिकारी